आप पढ़ रहे हैं देश का एकमात्र नो निगेटिव अखबार

सुविचार
चुनौतियां जीवन को रोचक बनाती हैं और उन पर विजय पाना जीवन को सार्थक बनाता है।

दैनिक भास्कर
सप्ताह की शुरुआत पॉजिटिव सोच के साथ

देश का नंबर 1 अखबार

झुंझुनूं, राजस्थान | सोमवार, 1 सितंबर 2025 | कुल पेज 16, मूल्य 5.00 रुपए

12 राज्य | 61 संस्करण

राष्ट्रीय खेल दिवस सीरी पिलानी में 29 से 31 अगस्त तक हुईं खेल गतिविधियां

स्मृति मंधाना और वल्लभभाई पटेल टीमें बनीं चैम्पियन

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने विजेता टीमों को मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में विजेता ट्रॉफी वल्लभभाई पटेल टीम ने और महिला वर्ग में विजेता ट्रॉफी स्मृति मंधाना टीम ने जीती।

पिलानी. विजेता ट्रॉफी के साथ महिला वर्ग की स्मृति मंधाना टीम व अतिथि।

सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने विजेता टीमों को बधाई दी। संस्थान में कुल आठ टीमों के 240 खिलाडियों में टेनिस बॉल क्रिकेट, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी, बास्केटबॉल, रिले रेस और फुटबॉल खेलों में कड़े मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग में चंद्रशेखर आजाद, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, मंगल पांडे, सरदार पटेल, टीमों ने तथा महिलाओं के वर्ग में स्मृति मंधाना और पीवी सिंधु टीमों ने प्रतिभागिता की। स्मृति मंधाना (महिला टीम) और वल्लभभाई पटेल टीम (पुरुष टीम) ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर मेजर ध्यानचंद ट्रॉफी पर कब्जा किया। डॉ. अशोक चौहान और डॉ. सुमित्रा सिंह ने अपनी टीमों के साथ विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ. नीरज ने खेल प्रतियोगिताओं का विस्तृत ब्योरा दिया। उपाध्यक्ष एवं प्रशासन नियंत्रक मनोरंजन पांडेय ने भी विजेताओं को बधाई दी। समारोह का संचालन क्लब की संयुक्त सचिव चांदनी दीक्षित ने किया।